आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 27.08.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में दो महीने के भीतर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग से चयनित 72 असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।
- चमोली जिले में नन्दप्रयाग के समीप अवरूद्ध बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पांच दिन बाद वाहनों की आवाजाही के लिए सुचारू।
- पिथौरागढ़ नगर के वार्डो के परिसीमन को लेकर जिलाधिकारी रीना जोशी ने विभिन्न वार्डो की आपत्तियां सुनी।

प्रयोगशाला संचालन

देहरादून में दो महीने के भीतर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को प्रयोगशाला का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती रतूड़ी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इसके लिए 13 पदों की स्वीकृति दी गई है। इस सम्बन्ध में 23 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। शुरूआती दौर में इस लैब की क्षमता पांच हजार सैम्पलिंग टेस्ट की होगी। मुख्य सचिव ने रूद्रपुर में अल्ट्रा मॉर्डन माइक्रोबाइलोजिकल फूड लैब की स्थापना और लैब में आधुनिक उपकरण की उपलब्धता के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भोजनमाताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी खाद्य जांच में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शिक्षा विभाग को सभी आवासीय विद्यालयों में खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

देहरादून में आयोजित बैठक में, खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में न्याय निर्णयन के लिए दायर वादों के विलम्ब के मामलों का गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव ने न्याय निर्णायक अधिकारी को वादों की त्वरित सुनवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशों के ससमय अनुपालन न होने की दशा में उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही को भी कहा है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को मुख्य सचिव की ओर से पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

## नियुक्ति पत्र वितरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत लोक सेवा आयोग से चयनित 72 असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र और अंग्रेजी विषय में चयनित असिस्टेंट प्रोफेसर को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये।

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पाने वाले सभी अस्टिंट प्रोफेसर को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि चयनित शिक्षकों पर युवाओं का भविष्य बनाने की अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने आशा जताई कि सभी चयनित अस्टिंट प्रोफेसर इस चुनौती को साकार रूप देकर राज्य सरकार के विकल्प रहित संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने नव चयनित असिस्टेंट प्रोफेसर को अपने कार्य स्थल पर नवाचार का प्रयोग करने का आह्वान भी किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि चयनित असिस्टेंट प्रोफेसर समाज की कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलायेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का प्रयोग और रोजगारपरक शिक्षा के साथ बच्चों को अच्छे संस्कार भी देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों और विश्व विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण, तकनीक के विस्तार के सभी क्षेत्रों में कार्य किये जा रहे हैं। 20 मॉडल कॉलेजों की स्थापना भी की जा रही है।

## पोर्टल शुभारम्भ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में राज्य के मेधावी छात्रों के लिए नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ) इंस्टीट्यूट में 50 हजार रूपये की धनराशि देने के लिए पोर्टल का शुभांरभ किया। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि राज्य के मेधावी छात्र–छात्राओं को हर महीने छात्रवृत्ति दी जा रही है। शोध को बढ़ावा देने के लिए शोधार्थियों को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गौरव योजना के तहत राज्य के उच्च शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्रों को बैंकिंग और वित्तीय त्रिस्तरीय प्रशिक्षण तथा पांच हजार छात्रों के प्लेसमेंट का लक्ष्य भी रखा गया है।

## उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड (सीएयू) ने एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए उत्तराखण्ड प्रीमियर लीग (यूपीएल) के पहले सीजन की घोषणा की है। इस लीग की शुरुआत सितम्बर महीने में होगी।

उत्तराखण्ड प्रीमियर टी20 लीग के पहले सीजन में पुरुष और महिला दोनों टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। 15 से 22 सितम्बर 2024 के बीच खेले जाने वाले कुल 16 मैचों में पुरुष की पांच टीमों और महिलाओं की तीन टीमों के बीच मुकाबला होगा। सभी मैच देहरादून के प्रतिष्ठित राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड ने कहा है कि इस लीग का उद्देश्य राज्य के उभरते खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है।

महिला बॉलीबाल

चम्पावत जिले के गौरलचौड़ मैदान में जिला स्तरीय महिला बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दो दिवसीय प्रतियोगिता का जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने आज शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें मजबूती के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिह बिष्ट ने बताया कि बाल विकास विभाग व जिला प्रशासन संयुक्त रूप से यह प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओ को प्रोत्साहित करना व बेटी पढ़ाओ–बेटी बचाओ को लेकर लोगों को जागरूक करना है।

मार्ग सुचारू

चमोली जिले में नंदप्रयाग के समीप अवरूद्ध बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग आज पांच दिन बाद यातायात के लिए खोल दिया गया है। यह मार्ग 23 अगस्त को भारी भूस्खलन के कारण वाहनों के आवागमन के लिए बाधित हो गया था। हालांकि वाहनों की कोठियालसैण–नंदप्रयाग बाईपास मार्ग से आवाजाही करवायी जा रही थी लेकिन मार्ग संकरा होने के चलते लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

इस बीच, जिले के जोशीमठ विकासखंड के पगनों गांव में भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को तहसील प्रशासन द्वारा राहत राशि के चेक, अहैतुक सहायता और खाद्यान्न किट वितरित किए गए। 22 अगस्त को पगनों गावं के ऊपर पहाडी से हुए भूस्खलन से सात परिवार प्रभावित हुए थे।

जनसुनवाई

पिथौरागढ़ नगर के वार्डो के परिसीमन को लेकर आज जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में जनसुनवाई हुई। इस दौरान जिलाधिकारी रीना जोशी ने विभिन्न वार्डो की आपत्तियां सुनी और संबंधित अधिकारियों

को उनके समाधान के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में स्थानीय लोगों ने नगर निगम के वार्डों के परिसीमन और नाम को लेकर आपत्ति जताई और इन्हें ठीक करने की मांग की।

जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निगम के वार्डो के परिसीमन को लेकर 27 आपत्तियां प्राप्ति हुई थी। उन्होंने कहा कि उचित आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री जन–धन योजना

पौड़ी नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री जन–धन योजना के खातों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। दस सालों में इस योजना के अन्तर्गत करोड़ों लोगों ने बैंक में अपने खाते खुलवाए।

जन धन योजना के सम्बन्ध में भारतीय स्टेट बैंक की डिप्टी मैनेजर गुंजन रावत ने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को जन–धन बैंकिंग से जोड़ने के लिए शुरू की गई इस योजना के तहत पौड़ी शहर शाखा में 37 हजार जन–धन खाते खोले गए हैं।

## श्रद्धांजलि

टिहरी गढ़वाल के देवप्रयाग निवासी असम राइफल के शहीद हवलदार हजारी सिंह चौहान को आज ऋषिकेश स्थित पूर्णानंद घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी सहित सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

हवलदार हजारी सिंह चौहान मणिपुर में एक विशेष अभियान के तहत ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान एक मुठभेड़ में वे शहीद हो गए।

## खेल

भारतीय पैरा एथलीटों का 84 सदस्यीय दल कल से पेरिस में शुरू हो रहे पैरालम्पिक खेलों में भागीदारी करने के लिए तैयार है। पैरालम्पिक खेलों में भारत का यह अब तक का सबसे बड़ा दल है।

वहीं, स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय दल की कप्तान होंगी। टीम की उपकप्तानी स्मृति मंधाना करेंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट दुबई और शारजाह में 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। भारत ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है।